**Regarding subsidy for Nano-Urea and Nano-DAP**

श्री अनूप संजय धोत्रे **(अकोला) :** माननीय सभापति महोदया, मेरा विषय ?आत्मनिर्भर भारत? के संबंध में है । ? आत्मनिर्भर भारत? के तहत माननीय मोदी जी की अध्यक्षता में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी बनाया जा रहा है, मेरी रिक्वेस्ट है कि इसको सब्सिडाइज्ड किया जाए । हमारे देश में खेती में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के जो बेनिफिट्स मिल रहे हैं, वे किसानों के लिए काफी अच्छे हैं ।

**<u>16.14 hrs</u>**

*At this stage, Shri Rajkumar Roat, Adv. Chandra Shekhar and Shri Hanuman Beniwal came and stood on the floor near the Table.*

मैं आपके माध्यम से मांग करूंगा कि सॉयल का जो लॉस होता है, एक्सेस फर्टिलाइज़र यूटिलाइजेशन के कारण खेती में जो नुकसान होता है, उसे रोकने के लिए और किसानों की आय बढ़ाने के लिए नैनो यूरिया को सरकार के माध्यम से एक अच्छी सब्सिडी मिले । इसका फायदा किसानों की उपज में, पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है और साथ ही साथ किसान का जो खर्चा बढ़ रहा है, उस खर्चे को रोकने के लिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को सरकार के माध्यम से सब्सिडी मिले ।

धन्यवाद ।